# प्रसार भारती
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
# 06.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—इस वर्ष के केंद्रीय बजट में कृषि व ग्रामीण परिवर्तन को केंद्र ने प्रदान की मजबूती।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेरचौक मैडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का किया शुभारम्भ—बल्ह विधानसभा क्षेत्र में करीब 60 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा— शैक्षणिक सत्र 2026—27 से हिमाचल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अनुरूप स्नातक पाठयक्रम होंगे शुरू।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर राज्य की संपदा को कौढ़ियों के भाव लुटाने के लगाए आरोप।

## पीएम—वेबिनार कृषि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि व ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष के केंद्रीय बजट में कृषि और ग्रामीण परिवर्तन को मजबूती दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग 10 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत चार लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत लगभग दो लाख करोड़ रूपये से अधिक के दावों का निपटान किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज मंडी जिला के मेडिकल कॉलेज नेरचौक में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का शुभारंभ किया। इस विश्व स्तरीय आधुनिक तकनीक पर 28 करोड़ 44 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज नेरचौक में पहली बार रोबोटिक सर्जरी को देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आइजीएमसी शिमला और हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में भी जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चमियाणा में अब तक एक सौ 51 और टांडा मेडिकल कॉलेज में 92 ऑपरेशन रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में एम्स दिल्ली के स्तर पर हाई एंड तकनीक का समावेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नेरचौक मेडिकल कॉलेज में जल्द ही थ्री टेस्ला एम.आर.आई मशीन और पैटस्कैन की सुविधा शुरू की जाएगी।

बाद में मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों व स्टाफ से संवाद किया और मेडिकल कॉलेज में विभिन्न सुविधाओं और कमियों के बारे में जानकारी हासिल की।

## सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज बल्ह विधानसभा क्षेत्र के दियाढ़गी में करीब 60 करोड़ रुपये की लागत की 14 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें नाबार्ड के तहत करीब 26 करोड़ रुपये की लागत से शिमला मंडी सड़क वाया तत्तापानी के उन्नयन कार्य का उद्घाटन शामिल है। इस

अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी से संबद्ध राजकीय महाविद्यालय में एन.ई.पी. 2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने के अधिकारियों व शिक्षाविदों को निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के लिए गठित राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की अध्यक्षता कर रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि स्नातकोतर स्तर पर सैमेस्टर प्रणाली पहले ही लागू की जा चुकी है और अब इसे स्नातक स्तर पर लागू करने से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। उन्होंने 2026–27 शैक्षणिक सत्र से एन.ई.पी. 2020 के अनुसार नए पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्देश भी दिए।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर राज्य की संपदा को कोड़ियों के भाव लुटाने के आरोप लगाए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य पर्यटन विकास निगम के आठ प्रमुख होटलों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से निजी ऑपरेटरों को सौंपने के आधिकारिक पत्र के सार्वजनिक होने के बाद उन्होंने इसे हिमाचल ऑन सेल की नीति करार दिया है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राज्य के सुचारू रूप से चल रहे और लाभप्रद होटलों को जानबूझ कर बर्बाद कर उन्हें निजी हाथों में सौंपने की साजिश रच रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पर्यटन निगम के होटलों के निजीकरण से राज्य के राजस्व को स्थायी नुकसान होगा और सरकारी क्षेत्र में कार्यरत्त कर्मचारियों का भविष्य भी अधर में लटक जाएगा। उन्होंने सरकार की इस नीति का पुरज़ोर विरोध करते हुए कहा कि प्रदेश के संसाधनों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में बिजली वितरण व्यवस्था को आधुनिक अेर मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कांगड़ा जिले के शाहपुर क्षेत्र में आज विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण और नई विद्युत लाइन का शुभारंभ करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। राजेश धर्माणी ने लंज गाहलियां में तीन करोड़ 84 लाख रूपए की लागत से निर्मित 33 केवी विद्युत लाइन का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस विद्युत लाइन के शुरू होने से शाहपुर, कांगड़ा और देहरा विधानसभा क्षेत्र की 15 पंचायतों में लोगों को लो वॉलेटेज और बार–बार बिजली कटौती की समस्या से निजात मिलेगी।

**पैंशनर**

प्रदेश में करीब 40 हजार पेंशनर अपने वित्तीय लाभों से वंचित हैं। हिमाचल प्रदेश पेंशनर ज्वाइंट फ्रंट ने इस संबंध में आज शिमला के कालीबाड़ी में एक बैठक का आयोजन किया। फ्रंट के अध्यक्ष आत्मा राम ने जनवरी 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत पेंशनरों को वित्तीय लाभ देने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के एरियर और मेडिकल बिलों के भुगतान का मामला भी सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

**जन स्वास्थ्य अभियान**

जन स्वास्थ्य अभियान संस्था ने हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत लोगों में अपने स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया है। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक अभय शुक्ला ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकारों ने इस एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया, जिससे मरीजों के अधिकारों की उपेक्षा हुई है और निजी अस्पतालों को मनमानी की खुली छूट दी गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस एक्ट को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की और कहा कि संस्था लोगों को उनके स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेगी।

**व्याख्यान**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में आज 27वां डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान परिसर में नव स्थापित गुरूदेव रविंद्रनाथ टैगोर चित्रदीर्घा का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर शशि प्रभा कुमार ने की।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफैसर हिमांशु कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि ये स्मृति व्याख्यान श्रृंखला देश और विश्व के प्रतिष्ठित विद्वानों को समकालीन बौद्धिक मंच प्रदान करती है।

**राऊलाने पर्व**

जनजातीय जिला किन्नौर के ऐतिहासिक गांव कल्पा में पांच दिवसीय पारंपरिक राऊलाने पर्व आज शुरू हुआ। यह पर्व हर वर्ष साऊनी यानि परियों को प्रसन्न करने की मान्यता के साथ मनाया जाता है। राऊलाने पर्व का मुख्य उद्देश्य गांव में सुख–समृद्धि, शांति और धन–धान्य की कामना करना है। इस पर्व को देखने स्थानीय लोगों के अलावा देसी व विदेशी पर्यटक भी पहुंचते हैं। इस उत्सव में किन्नौर ज़िले की समृद्ध संस्कृति व परम्पराओं की झलक देखने को मिलती है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–इस वर्ष के केंद्रीय बजट में कृषि व ग्रामीण परिवर्तन को केंद्र ने प्रदान की मजबूती।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेरचौक मैडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का किया शुभारम्भ–बल्ह विधानसभा क्षेत्र में करीब 60 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– शैक्षणिक सत्र 2026–27 से हिमाचल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप स्नातक पाठयक्रम होंगे शुरू।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर राज्य की संपदा को कौढ़ियों के भाव लुटाने के लगाए आरोप।

———————————————